—: कार्यालय :—
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।
Email –dfo-latehar@gov.in
Mobile No. – 8987790240
Pin Code - 829206

पत्रांक 2259 / दिनांक 20.12.2022

सेवा में,

हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड,
चकला कोल ब्लॉक, कंचन नगरी,
होटल मन्नत के नजदीक, चंदवा
जिला–लातेहार, झारखण्ड (829203)

विषय : हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि0 द्वारा चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क के अंतर्गत पड़ने वाले वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक HIL/CH/FC/2022-23/185 दिनांक 18.10.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लि0 द्वारा चकला कोल ब्लॉक के लिए प्रस्तावित रेल मार्ग एवं सड़क के अंतर्गत पड़ने वाले अधिसूचित एवं सीमांकित वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव Parivesh Portal पर दिनांक 01.12.2022 को प्राप्त है, प्रस्ताव के जॉचोपरांत निम्नांकित त्रुटियाँ पायी गयी :–

01. Form-A, Part-I के क्रम संख्या B-2-3 में ग्राम--बाना को अंकित नही किया गया है एवं क्रम संख्या B-2-4 में अंकित रकबा में भिन्नता है।

02. अपयोजित होने वाले वन भूमि एवं क्षतिपूरक वनरोपण का Soft Copy समर्पित नही किया गया है।

उपरोक्त पायी गयी त्रुटियां/कमियां का निराकरण प्रतिवेदन अविलम्ब प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें साथ ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 830 दिनांक 19.07.2021 के आलोक में निम्नांकित निर्देशो का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय :–

01. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित Land Schedule जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापित किया जाता है, कि हस्ताक्षरित प्रति Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

02. वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

03. प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा समर्पित CA, NPV, Additional NPV की राशि जमा करने संबंधी वचनबद्धता प्रमाण–पत्र को Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

04. प्रस्ताव के साथ समर्पित Joint Tree enumeration list में कुल enumerated प्रजातिवार वृक्षों की संख्या तथा उनमें से कितने वृक्षों का पातन अनिवार्य रूप से किया जाना है, की

—: कार्यालय :—
वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल।
Email –dfo-latehar@gov.in
Mobile No. – 8987790240
Pin Code - 829206

संख्या प्रतिवेदित होना आवश्यक है। इससे संबंधित गणना सूची की सत्यापित प्रति Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

05. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भरे जाने वाले Form-A, Part-I जिनपर प्रयोक्ता अभिकरण का नाम, पदनाम एवं तिथियुक्त हस्ताक्षर अंकित रहता है को Parivesh Portal पर Additional document के रूप में Online upload किया जाय।

06. समर्पित प्रस्ताव के पृष्ठ पर नाम, पदनाम, तिथियुक्त हस्ताक्षर एवं मोहर अंकित नही है।

अतः प्रस्ताव आठ प्रति मूल रूप में वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त पायी गयी त्रुटियां/कमियां एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन अविलम्ब प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन,
20.12.22
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल।